**म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26– अरेरा हिल्स, किसान भवन जेल रोड, भोपाल**

क्रमांक/भा.भु.यो./2020/रबी/पंजीयन/5045 भोपाल, दिनांक 07/02/2020

प्रति,

भारसाधक अधिकारी/सचिव (समस्त)
कृषि उपज मंडी समिति
.............................

विषयः– रबी वर्ष 2019–20 में चना, मसूर एवं सरसों का ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन तथा उनका उपार्जन/भावांतर के संबंध में।

संदर्भः– अवर सचिव म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जारी विषयान्तर्गत कार्यवाही विवरण दिनांक 04 फरवरी 2020

संदर्भित कार्यवाही विवरण अन्तर्गत यह निर्धारित हुआ है कि रबी वर्ष 2019–20 में चना, मसूर एवं राई–सरसो का उपार्जन/भावांतर हेतु पंजीयन ई–उपार्जन पोर्टल पर खाद्य विभाग द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2020 से 28 फरवरी 2020 तक किया जायेगा। इन फसलो के उपार्जन/खरीदी के संबंध में शासन स्तर पर हुई चर्चा का विवरण बिन्दु क्रमांक 03 से 05 में दिया गया है। इस कार्यवाही विवरण की छायाप्रति सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।

उपरोक्त कार्यवाही विवरण का संज्ञान लेते हुये शासन स्तर से निर्देश प्राप्त होने पर मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करी जाएं।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

अपर संचालक (भा.भु.यो.)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/भा.भु.यो./2020/रबी/पंजीयन/5046 भोपाल, दिनांक 07/02/2020
प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अवर सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल।
2. अपर संचालक (नियम) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
3. संयुक्त/उप संचालक (समस्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड. ऑचलिक कार्यालय ..
4. चीफ प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल के पत्र क्रमांक 40 दिनांक 06.02.2020 के तारतम्य में।

अपर संचालक (भा.भु.यो.)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

Scanned by CamScanner

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक / बोर्ड / एम.आई.एस. / 2019–20 / 101 / 40 भोपाल दिनांक 06 फरवरी 2020

कार्यालयीन टीपः–

विषयः–रबी विपणन वर्ष 2019–20 में चना, मसूर एवं सरसों उपज का उपार्जन एवं ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करने संबंधी बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020 का कार्यवाही विवरण के संबंध में।

संदर्भः–अवर सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के ई–मेल दिनांक 05 फरवरी 2020.

आदरणीय सर,

–0–

उल्लेखित विषय के संदर्भ में रबी विपणन वर्ष 2019–20 में चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन ई–पोर्टल पर पंजीयन करने के संबंध में समीक्षा बैठक प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त आयोजित बैठक का कार्य विवरण प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त कार्यवाही विवरण के पैरा–2 में प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा रबी वर्ष 2019–20 में **चना, मसूर एवं राई–का उपार्जन/भावांतर हेतु पंजीयन ई–उपार्जन पोर्टल पर खाद्य विभाग द्वारा 10 फरवरी 2020 से 28 फरवरी 2020 तक किया जाए।** के निर्देश है।

अतः कार्यवाही विवरण की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु टीप के संलग्न आपकी ओर प्रेषित है।

सादर।

**संलग्नः:–उपरोक्तानुसार।**

कार्यवाही अपर संचालक द्वारा अनुमोदित

Sandeep
06-02-2020
चीफ प्रोग्रामर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

प्रति,

अपर संचालक (भावान्तर शाखा)
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
मुख्यालय, भोपाल (म0प्र0)

DD(BBY)

06/02/2020

Scanned by CamScanner

Gmail

rajendra jhariya <rjmis2010@gmail.com>

# Fwd: रबी वर्ष 2019-20 में चना मूसर एवं सरसों उपज का उपार्जन एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करने संबंधी बैठक िदिनांक 04.02.2020 का कार्यवाही िविवरण।

1 message

**Programmer Mandi Board ACP** <programmer.mpmandiboard@gmail.com> Wed, Feb 5, 2020 at 2:18 PM
To: Amar Sengar <jdasmpsamb@gmail.com>, Sunil Kumar Saxena <jdskmpsamb@gmail.com>, kedars2111@gmail.com, rajendra jhariya <rjmis2010@gmail.com>, Ms Parmar <jdmsmpsamb@gmail.com>, niyaman.mpsamb@gmail.com

---------- Forwarded message ---------
From: **Md Samb** <mdmandiboard@gmail.com>
Date: Wed, 5 Feb 2020 at 11:15
Subject: Fwd: रबी वर्ष 2019-20 में चना मूसर एवं सरसों उपज का उपार्जन एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करने संबंधी बैठक िदिनांक 04.02.2020 का कार्यवाही िविवरण।
To: <kedars2111@gmail.com>, programmer.mpmandiboard <programmer.mpmandiboard@gmail.com>

---------- Forwarded message ---------
From: **Dy.Agriculture Production Commissioner Bhopal.** <dyapcbho@mp.gov.in>
Date: Tue, Feb 4, 2020 at 8:20 PM
Subject: रबी वर्ष 2019-20 में चना मूसर एवं सरसों उपज का उपार्जन एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करने संबंधी बैठक िदिनांक 04.02.2020 का कार्यवाही िविवरण।
To: Principal Secretary Revenue <psrevenue@mp.gov.in>, Principal Secretary Food & Civil Supplies <psfood@mp.gov.in>, PA, Directorate of Agriculture <dagpa@mp.gov.in>, Director Agriculture,MP diragri-mp <diragri@mp.gov.in>, dirfood <dirfood@mp.nic.in>, CLRMP <clrgwa@nic.in>, RCS MP <rcs.mp.bhopal@mp.gov.in>, MD mandi board <mdmandiboard@gmail.com>, mD Markfed <cgmmarkfed@gmail.com>, mpscsc_ho <mpscsc.ho@mp.gov.in>, Warehousing & Logistic Co Warehouse <hompwlc@yahoo.co.in>, Genl.Mgr.(M.P.) <srmmp.fci@nic.in>, Nafed Nafed <nafedind@gmail.com>, Ajit Kesari <psagriculture@mp.gov.in>

Please see the attached file and do the needful.

**(J S Parihar)**
Under Secretary
Government of Madhya Pradesh
Farmer welfare & Agriculture Development Department

0755-2579727
919424345454

--
MANAGING DIRECTOR,
MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURE MARKETING BOARD,
26, KISAN BHAWAN, ARERA HILLS, BHOPAL

--
Sir

Scanned by CamScanner

ate Agriculture Marketing Board
Office Bhopal (M.P.)

---

**2 attachments**

**k.pdf**
1050K

**JSP.vcf**
1K

Scanned by CamScanner

**मध्यप्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय**

**//कार्यवाही विवरण//**

**भोपाल, दिनांक 04 फरवरी, 2020**

विषयः— रबी वर्ष—2019—20 में चना, मसूर एवं सरसों उपज का उपार्जन एवं ई—उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करने संबंधी बैठक दिनांक 04.02.2020 का कार्यवाही विवरण।

---:00:---

रबी वर्ष—2019—20 में चना, मसूर एवं सरसों उपज का उपार्जन एवं ई—उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करने के संबंध में समीक्षा बैठक प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 04.02. 2020 को आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों का उपस्थिति प्रतिवेदन परिशिष्ट—1 पर है। बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नवत् है :—

1. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा प्रदेश में रबी—2019—20 में भारत सरकार की पीएम आशा अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम एवं पीडीपीएस में उपार्जन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों/संस्थाओं से चर्चा की गई। प्रदेश में विगत वर्ष के उपार्जित स्टॉक के अभी तक भंडारण होने से भंडारण की प्रमुख समस्या है। प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा रबी 2019—20 में चना, मसूर को भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जन किए जाने तथा राई—सरसों को भारत सरकार की पीडीपीएस योजनान्तर्गत लिए जाने के लिए संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास को विधिवत भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

2. खाद्य विभाग द्वारा बताया गया कि रबी 2019—20 में उत्पादित फसलों के लिए ई—उपार्जन पोर्टल पर गेंहू का पंजीयन 01 फरवरी से 28 फरवरी, 2020 तक किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा दलहन, तिलहन फसलों के पंजीयन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं करने में एक सप्ताह का समय आवश्यक होगा। प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा रबी 2019—20 में चना, मसूर एवं राई—सरसों का उपार्जन/भावांतर हेतु पंजीयन ई—उपार्जन पोर्टल पर खादय विभाग द्वारा 10 फरवरी, 2020 से 28 फरवरी, 2020 तक किया जाए।

4/4/2020

Scanned by CamScanner

3. प्रबंध संचालक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बताया गया कि संस्था की वित्तीय स्थिति ठीक न होने, भंडारण व्यवस्था न होने एवं विगत वर्ष के गेंहू चावल का निस्तारण न होने के कारण प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी विपणन वर्ष 2020–21 में चना एवं मसूर का उपार्जन म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा उपार्जन संभव नहीं हो सकेगा। प्रबंध संचालक म.प्र.राज्य सहकारी विपणन संघ ने अवगत कराया कि भंडारण व्यवस्था उपलब्ध होने पर मार्कफेड द्वारा पूरे प्रदेश में प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी विपणन वर्ष 2020–21 में चना एवं मसूर का उपार्जन किया जा सकता है यदि जबलपुर एवं रीवा संभाग में गेंहू उपार्जन का कार्य मार्कफेड के स्थान पर म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाए। प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से सहमति हेतु टीप भेजी जाए।

4. प्रबंध संचालक म.प्र. स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन द्वारा बताया गया कि प्रदेश में एफसीआई का केन्द्रीय पूल का अतिशेष गेंहू, चावल 50 लाख मे. टन भंडारित है। प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जित दलहन तिलहन 2018–19 की 13 लाख मे. टन एवं 2019–20 की 7 लाख मे. टन भंडारित है। इस कारण से भंडारण स्थान उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा भंडारण स्थिति के विश्लेषण उपरांत नेफेड द्वारा प्रदेश में भंडारित स्टॉक के शीघ्र उठाव करने या उठाव न करने की स्थिति में रबी विपणन वर्ष 2020–21 में उपार्जित चना एवं मसूर को अपने स्तर से भंडारण व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया।

5. प्रबंध संचालक, मार्कफेड द्वारा बताया गया कि मार्कफेड के पास 4 लाख मे. टन चना के लिए विगत वर्ष का बारदाना उपलब्ध है। शेष आवश्यक बारदाने की व्यवस्था नेफेड द्वारा की जाए। तदानुसार बारदाना व्यवस्था नेफेड द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया।

**अन्त में धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।**

(प्रमुख सचिव, कृषि द्वारा अनुमोदित)

4/2/2020

(जितेन्द्र सिंह परिहार)
पदेन अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

Scanned by CamScanner

पृ०क्र० / 548 / 526 / 2020 / 14-2 भोपाल, दिनांक 04 फरवरी, 2020

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव,म.प्र.शासन, राजस्व / खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण / सहकारिता विभाग, भोपाल।
2. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास / खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, म.प्र. भोपाल।
3. आयुक्त, भू–अभिलेख एवं बन्दोबस्त, ग्वालियर, म.प्र.।
4. पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, म.प्र., भोपाल।
5. प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड / म.प्र.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित / म.प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम / म.प्र. राज्य भंडार गृह निगम, भोपाल।
6. क्षेत्रीय प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, म.प्र., भोपाल।
7. मुख्य सूचना अधिकारी, एन.आई.सी., विंध्याचल भवन, भोपाल।
8. शाखा प्रबंधक, राष्ट्रीय विपणन सहकारी संघ (नाफेड), इंदौर।

---

– **निज सहायक, प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।**

4/2/2020

पदेन अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

Scanned by CamScanner